स-विज्ञप्ति दिनांक 18.02.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ महापौर देवेन्द्र यादव के मंशा अनुरुप , आयुक्त एस0के0 सुंदरानी के दिये गये निर्देशों के परिपालन में निगम क्षेत्रान्तर्गत मौसमी बिमारियों (डेंगू/स्वाईन फ्लू के रोकथाम/बचाव/सुरक्षा के लिए) जनसमुदाय में जन जागरुकता एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन निरंतर जारी है। 17 फरवरी दिन रविवार को अवकाश के दिन भी संदेहास्पद स्वाईन फ्लू प्रभावित क्षेत्र वार्ड 18 प्रेमनगर में मस्जिद मार्ग आजाद मोहल्ला एवं 18 फरवरी को वार्ड 19 शास्त्री नगर में स्थित तीन दर्शन मंदिर के पीछे आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आये कुल 163 मरीजों का पंजीयन कर (जिसमें दस्त- 05, उल्टी-01, बुखार-06, अन्य 151) को रोग निरोधक दवाईयां दी गई। बुखार से प्रभावित मरीजों को रक्त पट्टिका तैयार कर खुंन जांच हेतु लैब भेजा गया। 15 ओआरएस का पैकैट वितरण किया गया। डेंगू/स्वाईन फ्लू से बचाव/सुरक्षा संबंधी 200 नग पाम्पलेट का वितरण किया गया। मच्छर उन्मूलन हेतु नालियों के जमाव पानी/गंदे स्थानों तथा 97 कूलर में स्प्रेयर पम्प द्वारा 1900 एमएल मैलाथियान के घोल का छिड़काव करवाया गया। शिविर दल के सदस्यों द्वारा वार्ड/मोहल्ले में गृह भेंट कर डेंगू/स्वाईन फ्लू से बचाव/सुरक्षा संबंधी स्वास्थ्य शिक्षा दी जा रही है।

संलग्न-फोटो

जनसम्पर्क अधिकारी

....

प्रेस-विज्ञप्ति दिनांक 18.02.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ जिला ,स्वास्थ्य विभाग से 16 फरवरी को सायं 6 बजे प्राप्त सूचना के आधार पर वार्ड 18 प्रेमनगर से मुक्तार अहमद उम्र 44 वर्ष एवं अनिल सिंह उम्र 34 वर्ष सेक्टर-01 संदेहास्पद स्वाईन फ्लू से प्रभावित होकर सेक्टर- 09 अस्पताल में भर्ती है। प्राप्त सूचना के आधार पर 17 फरवरी को शहरी परिवार कल्याण केन्द्र सुपेला एवं निगम के शिविर दल के सदस्यों द्वारा संयुक्त रुप से प्रभावित के घर में गृह भेंटकर पुछताछ किया गया मिली जानकारी अनुसार वार्ड 18 प्रेमनगर राज होटल के पीछे निवासरत् मुक्तार अहमद 9 फरवरी से सर्दी , बुखार, बदन दर्द, कफ की शिकायत थी सेक्टर- 04 निजी चिकित्सक से उपचार कराया गया ठीक नहीं होने पर 15 फरवरी को सेक्टर-09 अस्पताल में भर्ती किया गया पहले से स्वास्थ्य में सुधार बताया गया परिवार में कुल 05 सदस्य हैं। शिविर दल द्वारा भ्रमण कर 475 घरों में गृह भेंटकर आवश्यक पुछताछ किया गया सर्दी खांसी , बुखार होने पर तत्काल नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार कराने की समझाईस दी गई।

दूसरा प्रभावित मरीज अनिल सिंह उम्र 34 वर्ष निवासी सड़क एवेन्यू-बी क्वाटर नं. 25 ए सेक्टर 01 से मिली जानकारी अनुसार 14 फरवरी को सामान्य सर्दी, खांसी होने पर सेक्टर-09 अस्पताल में भर्ती किया गया। 16 फरवरी को अस्पताल से छुट्टी कर दी गई है। मरीज द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 03 फरवरी को इंदौर से उज्जैन कपड़ा फैक्ट्री में जाने की बात बताई गई उक्त दरम्यान ही ठंड के कारण सर्दी, खांसी होना बताया गया परिवार में कुल 08 सदस्य है जो कि स्वस्थ्य पाये गये। सेक्टर- 01 प्रभावित क्षेत्र के 365 घरों में भ्रमण कर स्वास्थ्य शिक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। इस सर्वेक्षण कार्य में शहरी परिवार कल्याण केन्द्र सुपेला से अनिल नागदेवे , अजय पैकरा , संतोष चन्द्राकर (आरएचओ), पार्वती साहू , कुमेश्वरी मेश्राम (एएनएम) , एवं निगम के शिविर दल के सदस्य साथ में संलग्न थे।